अमर उजाला 08/11/2025

# छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां देकर मोहा मन

## गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एनएसएस इकाइयों की ओर से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् की सामूहिक प्रस्तुति से हुई, जिसके पश्चात छात्रों की ओर से देशभक्ति गीतों और कविताओं पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, यह भारत माता के सम्मान, त्याग, शौर्य और राष्ट्रीय अस्मिता का शाश्वत स्वर है। उन्होंने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की।